हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 20 अक्टूबर 2025

04 कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान




07 दिवाली की खरीदारी के साथ बढ़ी बाजारों में ...





## खबर संक्षेप

### आयुष विभाग ने किया संकल्प कार्यक्रम

**नर्मदापुरम।** धन्वंतरि जयंती के अवसर पर जिला आयुष कार्यालय नर्मदापुरम में भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पण कर विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस. आर. कारोंजिया द्वारा भगवान धन्वंतरि की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मानवता की सेवा, रोगों से बचाव तथा स्वस्थ व्यक्तियों को स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प लिया।

### यात्रियों से अधिक किराया लेने पर होगी कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** परिवहन आयुक्त के निर्देशों के परिपालन में दीपावही त्योहार को लेकर बस चालकों तथा स्वामियों को बस स्टैंड नर्मदापुरम पर सुरक्षित परिवहन हेतु विभिन्न निर्देश एवं समझाइश दी गई। बसों में अग्निशामक यंत्र, मेडिकल बॉक्स तथा इमरजेंसी दरवाजे को दुरुस्त रखने तथा किराया सूची लगाने के निर्देश दिए गए। यात्रियों से अधिक किराया नहीं लेने को सख्त निर्देश दिए गए तथा शिकायत प्राप्त होने पर कठोर करवाई की सख्त निर्देश दिए गए।

### लगभग चार माह आयु के शावकों ने मोहा पर्यटकों का मन

# मढ़ई में पर्यटकों की 'बूम', टाइग्रेस 'फायर लाइन' के शावकों ने लगाई पर्यटन में आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में दीपावली के अवकाश पर पर्यटकों की भारी भीड़ रहना है। क्योंकि लगभग तीन सप्ताह पूर्व ही दीपावली के दिन की सभी जिप्सी सफारी बुक हो चुकी हैं।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में दीपावली के अवकाश पर पर्यटकों की भारी भीड़ रहना है। क्योंकि लगभग तीन सप्ताह पूर्व ही दीपावली के दिन की सभी जिप्सी सफारी बुक हो चुकी हैं। रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार दीपावली पर मॉर्निंग व इवनिंग सफारी में सभी जिप्सियां फुल रहेगीं।

हरिभूमि प्रतिनिधि ने रविवार दोपहर मढ़ई रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय से चर्चा की। तो उन्होंने बताया कि रिजर्व की मढ़ई जोन में 20 जिप्सियां हैं। जिसमें से 16 ऑनलाइन बुक होती हैं। व इनकी ऑनलाइन बुकिंग काफी पहले ही पर्यटकों द्वारा की जा चुकी है। दो जिप्सी ऑन स्पॉट रिजर्वेशन में हैं और इनका रिजर्वेशन भी दिवाली के दिन मॉर्निंग व इवनिंग सफारी पर फुल ही रहना है।



### बफर जोन भी फुल

इधर बागड़ा बफर जोन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार दीपावली के दिन बफर जोन में भी पर्यटकों की भारी भीड़ रहना है। क्योंकि यहां वैसे जिप्सी की स्पॉट बुकिंग होती है। लेकिन जिस तरह पर्यटकों की प्रतिक्रिया दीपावली के दो दिन पूर्व से ही बफर जोन की बुकिंग के लिए मिल रही हैं, उससे स्पष्ट है कि दीपावली के दिन बफर जोन में भी पर्यटकों की बूम रहने वाली है। जिसे लेकर प्रबंधन पूरी तरह तैयार है।

### फायर लाइन शावकों ने मचाया फायर

हरिभूमि प्रतिनिधि ने मढ़ई रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय से पूछा कि क्या गत दिनों पर्यटकों ने मढ़ई के समीप बाघ शावक देखे हैं? तो उपाध्याय ने इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि बाघिन 'फायर लाइन' के लगभग चार माह आयु के चार शावक शनिवार शाम को मढ़ई क्षेत्र में दिखे हैं। इन्हें पर्यटकों ने काफी करीब से देखा है। महाराष्ट्र से आए कुछ पर्यटकों ने हरिभूमि प्रतिनिधि को बताया कि फायर लाइन बाघिन के चार शावकों ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पर्यटन में आग लगा रखी है। इन नन्हें शावकों की मां के साथ मस्ती ने पर्यटकों को काफी प्रभावित किया है। इससे पूर्व जब से पर्यटन प्रारंभ हुआ तब से मढ़ई क्षेत्र में अधिकांश ही बाघ के दीदार हो रहे हैं ऐंसे में पर्यटकों की भीड़ बढ़ रही है। दूसरी ओर बाघों की बढ़ती संख्या भी पर्यटकों के लिए आकर्षण बनी हुई है।

### अपनी ओर करते हैं आकर्षित

सोहागपुर रेंज में दो जिप्सी क्षेत्र संचालक कोटे की हैं। और ये दोनों भी सोमवार की मॉर्निंग व इवनिंग सफारी के लिये बुक हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को दीपावली पर दोनों शिफ्ट की जंगल सफारी में भारी संख्या में पर्यटक जंगल भ्रमण पर निकलेंगे। विदित हो कि मढ़ई क्षेत्र में जंगल सफारी के लिए देश के अनेक जिलों से पर्यटक आते हैं। इस दौरान जंगल में बाघ के रोमांच उन्हें अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

# पुलिस ने दी सलाह, त्यौहार पर आगजनी व साइबर फ्रॉड से बचें



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इन दिनों त्यौहारी सीजन जारी है। तथा जनता दीपावली, भाईदूज, तुलसी विवाह, देवउठनी ग्यारस तक चलने वाले सीजन को शांतिपूर्वक ढंग से मनाए, इसकी अपील सोहागपुर पुलिस द्वारा की गई है। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान व टीआई ऊषा मरावी के अनुसार त्यौहारी सीजन में साइबर फ्रॉड से संबंधित कुछ सावधानियां जनता रखे। जैसे कि ऑनलाइन खरीदी भरोसेमंद वेबसाइट से करें, नकली लिंक ऑफर से बचें, सुरक्षित भुगतान विधि का उपयोग करें,अपने गेजेट्स को अपडेट रखें, क्लिक करने से पहले सोचें। एएसआई गणेश राय ने कहा कि जनता की साइबर फ्रॉड से जरूरी सुरक्षा है। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि उनके साथ यदि किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होता है, तो उसकी सूचना तत्काल 1930 पर करें। व्हाट्सएप से एपीके डाउनलोड ना करें क्योंकि इससे मोबाइल हैक हो सकता है।

### दीपावली पर रहें सुरक्षित

दीपावली का पर्व पर जमकर आतिशबाजी करते हुए नागरिक पर्व की खुशी मनाएंगे। लेकिन ध्यान रखें कि पटाखे जलाते समय सिंथेटिक या ढीले कपड़े ना पहनें, भीड़भाड़ वाले क्षेत्र व तंग गली या बालकनी में पटाखे ना चलाएं। बच्चे पटाखे फोड़ रहे हों तो आसपास बड़े बुजुर्ग रहें व सतर्कता से पटाखे चलवाएं। किसी भी अप्रिय स्थिति या आगजनी की दुर्घटना होने पर थाना सोहागपुर के व्हाट्सएप नंबर 7587619471 अथवा पुलिस सहायता वाहन 112 पर सूचना दें। 112 वाहन का नोडल पाइंट बस स्टैंड है। नगर परिषद के फायर फाइटर का नोडल पाइंट गल्ला मंडी फटाका बाजार है। अतः वहां तैनात कर्मचारियों के मोबाइल नंबर 86025 67375, 7566877491 पर संपर्क किया जा सकता।

## अंतर्राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में नगर की बेटी वर्णिका और समीक्षा ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एशिया पेसिफिक अंतरराष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता मलेशिया कुआलालंपुर में 12 से 16 अक्टूबर को आयोजित हुई जिसमें एशिया के आठ देशों ने भाग लिया था जिसमें भारत से 50 बच्चों ने अलग-अलग कैटेगरी में भाग लिया था। मध्य प्रदेश राज्य के नर्मदा पुरम जिले से सब जूनियर वर्ग में वर्णिका तिवारी ने कांस्य पदक और वहीं सीनियर वर्ग में समीक्षा बड़कुर ने रजत पदक हासिल किया। सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक वियतनाम, रजत पदक भारत और कांस्य पदक मलेशिया ने हासिल किया। कांस्य पदक हासिल करने वाली वर्णिका तिवारी समीक्षा बड़कुर की ही शिष्या हैं।



## दीपावली से पूर्व मिला नपा के अधिकारी और कर्मचारियों को वेतन, नपाध्यक्ष और सीएमओ को मिठाई खिलाकर दिया धन्यवाद

**नर्मदापुरम।** इस बार नगरपालिका के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों को दीपावली के त्यौहार से पहले वेतन मिलने से हर्षोल्लास है। दीपावली पर्व से पूर्व वेतन पाकर अधिकारी और कर्मचारियों ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निवास पर पहुंचकर मिठाई खिलाकर उनका आभार व्यक्त किया तथा कार्यालय में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर लेखा अधिकारी देवेंद्र सिंह बघेल, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, विशाल शर्मा, राजस्व हरिश गोस्वामी, समीर वाजपेई, एएसआई सुनील अवस्थी, अनंत सिंह राजपूत, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत सहित स्वच्छतादूत उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष नीतू यादव ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातनी पर्व दीपावली एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। जिसे सभी को मिलजुलकर मनाया जाना चाहिए। सभी अधिकारी कर्मचारी अपने परिवार के साथ खूब धूमधाम से दीपावली का त्यौहार मनाएं। नपाध्यक्ष यादव ने समस्त नागरिकों से आव्हान किया कि स्वदेशी निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा दें। इससे स्थानीय दुकानदारों और व्यवसाइयों को लाभ होगा। दीपोत्सव पर्व हमारा त्यौहार है इसलिए हमारे देश के नागरिकों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की ही बाजार में खरीददारी करें।







































**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे में इकलौते बेटे की मौत

**बैतूल।** भैंसदेही विकासखंड के ग्राम पंचायत दादूढाना के सोहन कवडे के इकलौते बेटे कृष्णा कवडे की कन्याकुमारी जिले के पलायम पट्टी क्षेत्र में एक सडक दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे के तीन दिन बाद जब कृष्णा का शव गांव पहुंचा, तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। कृष्णा अपने साथियों के साथ कन्याकुमारी स्थित जय सुंदर एलुमिनियम कंपनी में मजदूरी करने गया था। वह दीपावली पर घर लौटने की तैयारी में था, लेकिन हादसे के कारण उसकी मौत हो गई। शव के गांव पहुंचते ही परिवार में मातम छा गया। ग्रामीणों के अनुसार, कृष्णा एक मेहनती और हंसमुख युवक था। उसने कुछ ही महीनों में काम सीख लिया था और दीपावली के बाद घर लौटकर अपने परिवार के साथ रहना चाहता था।

### बाइक अनियंत्रित होकर नदी में गिरी, चालक की मौत

**बैतूल।** चिचोली थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक भीषण सडक हादसे में 19 साल के युवक की मौत हो गई। घटना इंदौर हाईवे पर सिंगारखापा और सीताडोंगरी के बीच हुई। मृतक की पहचान कपिल यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कपिल रोज की तरह शनिवार रात भी चिचोली से बाइक से गांव लौट रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे के सर्विस रोड से फिसलकर नीचे ढलान में नदी में जा गिरी। आशंका है कि गिरने के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही चिचोली पुलिस मौके पर पहुंची और रविवार सुबह शव को नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया।

### जिले में अभी तक 1009.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 1009.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1064.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 19 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 1.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 19 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 5.8, घोड़ाडोंगरी में 0.0, चिचोली में 6.2, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 0.0, प्रभात पट्टन में 0.0, आमला में 0.0, भैंसदेही में 0.0, आठनेर में 2.1 तथा भीमपुर में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### 1 से 6 नवंबर तक आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 1 से 6 नवम्बर 2025 के मध्य सीहोर के चर्च ग्राउंड पर किया जाएगा। इसके तहत आयोजित गतिविधियों में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा 7 विधाओं जैसे भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल हो सकते हैं। सभी प्रतिभागियों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन करना अनिवार्य है। पंजीयन उपरांत फार्म की प्रति खेल विभाग के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन पार्श्व परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि

**सीहोर।** जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए संचालित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन पार्श्व परीक्षा जो कि कक्षा 9 वी और कक्षा 11 वी की कक्षाओं में रिक्त सीटों के लिये आयोजित की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई थी। इस तिथि को अब बढ़ाकर 24 अक्टूबर 2025 कर दिया गया है।

---

दीपावली आज, घर-आंगन में जलेंगे खुशियों के दीप

# दीपोत्सव पर्व को लेकर तैयारियां पूरी आंगन में सजने लगी आकर्षक रंगोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

धन की देवी मां लक्ष्मी का त्यौहार दीपावली, हर्षोल्लास से मनाने की लोगों ने तैयारी पूरी कर ली है। नागरिकों द्वारा मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए अपने-अपने घर प्रतिष्ठानों का रंग रोगन कर आकर्षक रूप से सजा लिया गया है। नागरिकों को इंतजार है तो बस मां लक्ष्मी की कृपा का, ताकि उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो सके। मां लक्ष्मी के स्वागत में लोगों ने अपने-अपने घर और आंगन को जहां सजा-धजा रखा है, वहीं आकर्षक रंगोलियां भी उकेरी गई है।

आज दीपावली पर मां लक्ष्मी का विधि-विधान से पूजन के उपरांत प्रत्येक घर और आंगन में खुशियों के दीप जलाएं जाएंगे। उसके बाद बड़े बुजुर्गों समेत बच्चों द्वारा आकर्षक रंगीन आतिशबाजी का लुफ्त देर रात्रि तक उठाया जाएगा। वैसे पिछले कई दिनों पूर्व से ही बाजार खील-बताशे, मोरपंख, झाड़ सहित कमल एवं गेंदे के फूलों की दुकानों से बाजार में सज चुका है। दीपावली पर्व का उत्साह लोगों में इस बार काफी अलग है। वैसे तो धनतेरस से ही पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत हो गई है, लेकिन दीपावली पर पटाखे फोडऩे की ललक बच्चों को सुबह से उत्साहित करती है। दीपावली को लेकर वाट्सएप, फेसबुक, इस्ट्राग्राम, व्हाट्सअप सहित अन्य एप के माध्यम से दीपावली की शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरु हो गया। दीपावली पर्व पर माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने घरों को बंधनवारों से सजाया जा रहा है।

### बाजारों में रही भीड़ जमकर हुई खरीदारी

दीपावली त्यौहार के एक दिन पूर्व शहर के गंज और कोठीबाजार में नागरिकों की खासी चहल-पहल बनी रही। मां लक्ष्मी के पूजन अर्चना में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रह जाए, इसको दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों द्वारा जमकर फूल-पान समेत पूजन की अन्य सामग्रियों की खरीदी की गई। दुकानदारों द्वारा दीपावली को लेकर पूरी तैयारी कर ली है। इधर सराफा, ऑटोमोबाइल सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक सामानों की जमकर खरीदारी हुई है। जिला मुख्यालय पर खरीदारी करने के लिए बैतूल से लगे आसपास के गांव के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। बाजार में मिट्टी से बने दीये बड़ी संख्या में बेचने के लिए लाए गए। इस बार लोगों ने मिट्टी से बने दीये की सबसे ज्यादा खरीदारी की। आर्टिफिशियल दीपों से किनारा कर लिया।

### जगमग हुए शहर के मंदिर और घर

शहर के मंदिरों और घरों में भी दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर आकर्षक रंगाई-पुताई कर विद्युत रोशनी की गई है। इसके अलावा मोहल्ले एवं कालोनियों में स्थित देवी-देवताओं के मंदिरों में भी नागरिकों द्वारा सजावट में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज दीपावली के त्यौहार पर नागरिकों द्वारा मंदिरों में दीपक जलाए जाएंगे, जिससे सभी मंदिर जगमग हो उठेंगे। ऑटोमोबाइल सेक्टर में दोपहिया वाहनों की जमकर खरीदारी हुई है। गंज स्थित खण्डेलवाल हीरो, टीवीएस शोरूम, आदित्य होंडा शोरूम और में वाहनों की खरीदारी करने के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

### मिठाइयों की सजी दुकानें

शहर में दीपावली के त्यौहार को लेकर होटल संचालकों द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठान के समक्ष रंग-बिरंगी मिठाइयों की दुकान सजा रखी है। महावीर मिष्ठान के संचालक राजेश जैन ने बताया कि मिठाई की दुकानों पर 300 रुपए किलो से लेकर 1500 रुपए किलो तक मिठाई बिक रही है। इसके अलावा ड्राई फूड से बनी मिठाइयां भी लोगों की खासी पसंद बनी हुई है, वहीं दीपावली के त्यौहार को लेकर नागरिकों द्वारा अपने-अपने घरों पर सीरीज सहित विद्युत रोशनी कर जहां आकर्षक सजावट की गई है। महिलाओं एवं युवतियों ने भी घर के आंगन में आकर्षक रांगोळी उकेरी है। मां लक्ष्मी के त्यौहार पर घर और आंगनों की आकर्षक सजावट की गई है जो कि देखते ही बन रही है।

### आतिशबाजी से रंगबिरंगा होगा आसमान

आज सोमवार रात आतिशबाजी और पटाखों से रंग बिरंगी हो जाएगी। इस दिन पूरे जिले में हजारों की संख्या में लोग आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार करेंगे। इससे पहले श्री गणेश एवं मां लक्ष्मी का विधि विधान से पूजन कर भोग लगाया जाएगा। इसके बाद आतिशबाजी, पटाखे फोडऩे का सिलसिला शाम से लेकर देर रात तक जारी रहेगा। हिन्दू धर्म के सबसे बड़े दीपावली पर्व को लेकर खासा उत्साह है। इस दिन खील-बताशे, मिठाई का प्रसाद बांटा जाता है। ज्ञात हो कि पांच दिनों तक लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। बैतूल शहर सहित जिले के विभिन्न अंचलों में लक्ष्मी जी की प्रतिमाएं सामूहिक रुप से भी स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है।

---

पूर्व मंत्री पांसे ने कराए हस्ताक्षर

# कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान




**मुलताई।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत आज पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पवित्र नगरी के घर-घर पहुंचकर अभियान के पक्ष में हस्ताक्षर कराए, अभियान के पहले इंदिरा गांधी वार्ड में पूर्व विधायक पांसे के निवास पर मुलताई एवं दुनावा ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पांसे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस ने पूरे प्रदेश के घर-घर पहुंचकर लगभग 5 करोड़ लोगों के हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य रखा है। इस अभियान के माध्यम से लोगों में अपने अधिकारों के प्रति जागृति आ रही है कांग्रेस के अभियान को संपूर्ण प्रदेश में बड़ी सफलता मिल रही है अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर इस अभियान का संदेश आम व्यक्ति तक पहुंचाएं। बैठक को संबोधित करते हुए पांसे ने कांग्रेस संगठन की रीति-नीति से कार्यकर्ताओं को अवगत एवं संगठन को कैसे मजबूत बनाना है इस संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक डा. पी.आर. बोडखे, रामू टेकाम, आनंद राजपूत, संजय यादव, कमल सोनी, राजरानी परिहार इत्यादि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके उपरांत कार्यकर्ताओं के द्वारा पांसे के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के समर्थन में घर-घर जाकर आम जनों के हस्ताक्षर कराये गये। इस अवसर पर कार्यक्रम में अनुराग मिश्रा, भूषण कांति, पिंटिश नागले, जितेन्द्र शर्मा, महेन्द्र सिंह परमार, कशोर सिंह परिहार, हाजी शमीम खान, रमेश गायकवाड, प्रहलाद सिंह परमार, सुमित शिवहरे, शेख जाकिर, राजेश बंदु बारंगे,आशीष जैन, अरूण यादव,आशीष सोनी, मुन्ना रघुवंशी, राजेन्द्र कवड?र, रवि खाड़े, रामराव उकण्डे, प्रेम बोरबन, लोकेश यादव, भोजराज रघुवंषी, जयदेव भुजाडे, युवराज भिकोण्डे, हेमराज धोटे, संजीव चढोकार, गणेष शिवहरे, विनोद बेले, टिनू मिश्रा, सुरेश झरे, सुरदास रघुवंषी, यशवंत देशमुख, महेश नागले, अशोक धाड़से, राजेश उईके, गोविंद कवड़े, सुभाष लोखण्डे सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### गोवर्धन पूजन कार्यक्रम 22 अक्टूबर को

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार बैतूल मुख्यालय के ग्राम झगडिया स्थित त्रिवेणी गौशाला में 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पशुपालन एवं डेयरी विभाग उपसंचालक सुरजीत सिंह ने बताया कि दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रम के दौरान गोवर्धन पूजा की जाएगी। तत्पश्चात गौशाला में कार्यरत गौ सेवकों का सम्मान किया जाएगा। वहीं गौमाता के व पंचगव्य के उत्पादों पर संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन से कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

---

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय में मनाई धन्वंतरि जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय गर्ग कॉलोनी में 18 अक्टूबर को भगवान धन्वंतरि जयंती बड़े श्रद्धा भाव और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद के प्रति जनजागरूकता और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर, डॉक्टर दीपक कड़वे, पार्षद नंदिनी तिवारी, राम नगर पार्षद अशोक नागले, पूर्व पार्षद संजू सोलंकी, समाजसेवी शशि किरण राजपूत, रिटायर्ड कंपाउंडर कुसुम बाई पांसे, बलवंत राव सोनी तथा इंदिराबाई सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के संरक्षण एवं प्रसार का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण पूर्णतः धार्मिक और स्वास्थ्य जागरूकता से परिपूर्ण रहा।

---

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित

## बच्चों ने बताया दीपावली त्योहार का महत्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

केंद्रीय विद्यालय सरनी में दीपावली समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रशांत पैलवार के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम प्रभारी दिव्या शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कक्षा पहली के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विभिन्न पात्रों जैसे राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान के रूप में अभिनय किया। कक्षा दूसरी के बच्चों ने एकल एवं समूह नृत्य प्रस्तुतियां दीं। कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने भजन प्रस्तुत किए। कक्षा चौथी के बच्चों ने दीपावली पर सुंदर कविताएं प्रस्तुत किया। कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों ने दीपावली क्यों और कैसे मनाई जाती है इस विषय पर अपने विचार प्रकट किए। सम्पूर्ण कार्यक्रम उत्साहपूर्ण और शिक्षाप्रद रहा, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। मंच संचालन का कार्य आशुतोष तिवारी और दिव्या शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी प्राथमिक शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर प्राचार्य प्रशांत पैलवार, प्राथमिक विभाग के वरिष्ठ शिक्षक अतर सिंह मीना और अंजू कुमारी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

---

जिला अस्पताल में खुली रहेगी ओपीडी, यातायात डायवर्ट

## बैतूल में दीपावली पर स्वास्थ्य-सुरक्षा के विशेष इंतजाम, पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



दीपावली पर्व के मद्देनजर स्वास्थ्य और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अवकाश के दिनों में भी ओपीडी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जबकि पुलिस ने कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के लिए व्यापक तैयारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, 19 और 21 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओपीडी सेवाएं जारी रहेंगी। इन दिनों सभी चिकित्सा अधिकारी, विशेषज्ञ और अन्य स्टाफ मरीजों के उपचार के लिए उपलब्ध रहेंगे। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं 24 घंटे चालू रहेंगी। जिला अस्पताल के आकस्मिक कक्ष में अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया गया है। दीपावली पर जलने के मामलों की आशंका को देखते हुए बर्न वार्ड में विशेष इंतजाम किए गए हैं और चिकित्सा दलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस चालकों को भी तैयार रखा गया है।

### तीन स्थानों पर बनाई पार्किंग

पुलिस प्रशासन ने कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के लिए व्यापक तैयारी की है। टीआई सत्यप्रकाश सक्सेना ने बताया कि बाजार, सराफा दुकानों, बैंकिंग संस्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। ट्रैफिक इंचार्ज गजेंद्र केन के अनुसार, नगरपालिका के सहयोग से तीन स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं और कुछ मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश पर कोठी बाजार और गंज बाजार क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल, पैदल गश्त और मोबाइल पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए निर्भया मोबाइल और यातायात क्रेन मोबाइल के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है।

---

फसल अवशेष मुक्त पंचायतों को मिलेगा पुरस्कार, समिति करेगी कार्रवाई

# पराली जलाने वालों से एमएसपी पर नहीं होगी सरकारी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

खेतों में नरवाई (फसल अवशेष) जलाने वाले किसानों पर अब सरकार सख्ती करेगी। बार-बार नरवाई जलाते पाए जाने वाले किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एसएसपी) पर सरकारी खरीदी नहीं की जाएगी। इसके साथ ही, जुर्माना भी लगाया जाएगा। वहीं जो ग्राम पंचायतें अपने क्षेत्र को नरवाई जलाने से मुक्त रखेंगी, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। दरअसल रबी और खरीफ फसलों की कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो देश के अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा हैं। इससे खेत की उपजाऊ मिट्टी खराब हो रही है और गंभीर वायु प्रदूषण भी फैल रहा है। इसी को रोकने के लिए यह कदम उठाए जा रहे हैं। नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने और दोषियों पर कार्रवाई के लिए हर जिले में एक जिला स्तरीय समिति बनाई गई है। यह समिति फसल अवशेष जलाने वालों पर दंडात्मक और प्रशासनिक कार्रवाई करेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले किसानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नरवाई मुक्त पंचायतों को मिलेगा ईनाम

कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि किसानों को नरवाई जलाने से रोकने और इसके दूसरे उपयोगों के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक नई पहल की जा रही है। जो ग्राम पंचायतें अपने गांव को फसल अवशेष जलाने से मुक्त ग्राम बनाएंगी, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कृषि उप संचालक डॉ. आनंद बडोनिया ने बताया कि एक टन धान के भूसे को जलाने से मिट्टी को मिलने वाले कई कीमती पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इनमें लगभग 5.5 किलो नाइट्रोजन, 2.3 किलो फास्फोरस, 25 किलो पोटेशियम, 1.2 किलो सल्फर और करीब 400 किलो कार्बन शामिल है। ये सभी जलाने से पूरी तरह खत्म हो जाते हैं।



### नरवाई जलाने के होते है गंभीर नुकसान

बताया जाता है कि खरीफ और रबी फसल की कटाई के बाद खेतों में बचने वाले अवशेष को किसान आग लगाकर जला देते है। इससे कृषि भूमि की उपजाऊ शक्ति कम होती है। इसके अलावा मिट्टी में मौजूद जैविक तत्व और लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे इंसानों और पशुओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। धुएं से दृश्यता कम होती है, जिससे सडक दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। पशुओं के चारे (भूसा) की बर्बादी होती है। इन सभी कारणों को देखते हुए प्रशासन द्वारा किसानों को समझाईश दी जा रही है कि वे नरवाई न जलाये।

### पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं

धान के भूसे को जलाने से मिट्टी को मिलने वाले कई कीमती पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इनमें लगभग 5.5 किलो नाइट्रोजन, 2.3 किलो फास्फोरस, 25 किलो पोटेशियम, 1.2 किलो सल्फर और करीब 400 किलो कार्बन शामिल है। ये सभी जलाने से पूरी तरह खत्म हो जाते हैं।

**- डॉ. आनंद बडोनिया**, उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

## खबर संक्षेप

### चलो मिलकर दीप जलाएं, खुशियों की लौ सब तक पहुंचाएं



**देवास।** मित्राय सोशल वेलफेयर सोसाइटी के 9 वे स्थापना दिवस पर सदस्यों द्वारा 19 अक्टूबर को दीपावली के एक दिन पूर्व सेवा बस्ती के बच्चों को देवास स्थित प्रतिष्ठित मॉल में ले जाकर जाकर उनकी पसंद के नए कपड़े दिलवाए उसके बाद रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट भोजन कराया गया और अंत में उन्हें मिट्टी के दिए और मिठाई बाँटी गई। जानकारी देते हुए मित्राय सदस्य अखिल दुबे ने बताया कि इन सभी बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आँखों में चमक ही हमारे इस प्रयास की सबसे बड़ी सफलता रही। हमारा विश्वास है कि खुशियाँ केवल बाँटने से ही बढ़ती हैं और इस दीपावली पर्व पर हमने उन नन्हें मासूम बच्चों के दिलों में कुछ ख़ुशी लाकर सच्चे अर्थों में प्रकाश का उत्सव मनाया। मित्राय समाज के हर वर्ग तक खुशियाँ ओर सेवा पहुँचाने के अपने संकल्प को यूँ ही आगे बढ़ाता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, पत्रकार हेमंत शर्मा और मित्राय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### बच्चों को मिठाई व पटाखे वितरित किए


**देवास।** दीपावली का पर्व रोशनी और उल्लास का प्रतीक है, और जब यह सेवा और समर्पण के भाव के साथ मनाया जाए तो उसका प्रभाव और भी गहरा हो जाता है। समाजसेवी घनश्याम मोदी ने बताया कि इसी उद्देश्य को लेकर श्री हरिकृष्ण मानव गौ सेवा संस्थान द्वारा संस्थापक अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल के नेतृत्व में उज्जैन रोड बायपास स्थित ग्राम भीमसी नागुखेडी की सेवाबस्ती में दीपोत्सव पर्व भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की गौशाला में गौ माता की पूजा-अर्चना से हुई, जहां गौमाता को विशेष रूप से सजाया गया और उन्हें मिठाई व हरा चारा खिलाया। इस पावन अवसर पर संस्थान के सदस्यों ने गौ सेवा ही नारायण सेवा है के मंत्र को चरितार्थ करते हुए गऊ माता की सेवा को दीपोत्सव का मुख्य केंद्र बनाया।

प्रभारी मंत्री, कलेक्टर और एसपी ने दी जिलेवासियों को दिवाली की बधाई और शुभकामनाएं

# दिवाली की खरीदारी के साथ बढ़ी बाजारों में भारी भीड़, छोटी दिवाली पर सर्राफा व सभी कारोबारियों का अच्छा हुआ व्यापार







## कलेक्टर, एसपी ने बाजार का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा, दिया लोकल फॉर वोकल का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के मुख्य बाजार सहित अन्य बाजारों में दीपावली पर्व को लेकर जोरदार खरीदारी जारी है। रविवार को छोटी दीपावली और नरक चतुर्दशी के अवसर पर बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। इससे व्यापारियों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। सर्राफा बाजार में पूजन के लिए चांदी के सिक्के और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की विशेष खरीदारी की गई। इस बार बाजार में अधिकतर भारतीय सामानों की बिक्री हुई, जबकि चाइनीज उत्पादों की पहले जैसी धूम नहीं दिखी। सोने-चांदी के सिक्के, गिन्नी और भगवान की मूर्तियों के अलावा श्रीगणेश-लक्ष्मी और कुबेर की मूर्तियां, खील, खिलौने, बताशे और मिठाइयों की भी जमकर खरीदारी हुई। चॉकलेट, मेवे, गिफ्ट आइटम और कपड़ों की भी खूब बिक्री हुई। खरीदारों के साथ व्यापारी वर्ग भी खासा उत्साहित नजर आया। महिलाओं ने दिये और साज-सज्जा की चीजें खरीदीं। रविवार को भी बाजार गुलजार रहा। इस दौरान लोगों ने पूजन सामग्री, फल, घरों पर लगने वाली लाइट की झॉलरें, गिफ्ट आइटमों की खरीदारी की। वह मिठाई की जमकर ब्रिकी हुई। वही लोगों ने इलेक्ट्रानिक्स सामान भी खरीदे। दीपावली पर घरों को सजाने के लिए फूल और मालाओं की जमकर खरीदारी की गई। बाजार में गेंदे की फूल मालाएं 50-80 रुपये तक बिक रही है।

### प्रभारी मंत्री ने दी शुभकामनाएं

उप मुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने जिलेवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। प्रभारी मंत्री देवड़ा ने कहा कि दीपावली खुशी और हर्षोल्लास का पर्व है। उन्होंने दीपोत्सव पर्व दीपावली पर समाज के सभी वर्गों के मंगलमय एवं खुशहाल जीवन की कामना की है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारी/कर्मचारियों, पत्रकारगणों एवं जिले के नागरिकों को दीपावली की बधाई देते हुए, आशा व्यक्त की है कि दीपों का यह पर्व सभी के जीवन को प्रगति की रोशनी से आलोकित करता रहेगा। कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने जिलेवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक गेहलोद ने बधाई देते हुए कहा कि प्रकाश का यह पर्व जिले के सभी नागरिकों के लिए मंगलमय हो। दीपों का यह त्यौहार सभी के जीवन को तरक्की व उन्नति के प्रकाश से आलोकित करता रहे। उन्होंने दीपोत्सव पर जिलेवासियों को अपनी ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

### कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण

कलेक्टर ऋतुराज सिंग और एसपी पुनीत गेहलोद ने दीपोत्सव पर देवास शहर के रौनकमय बाजारों का अवलोकन किया और सुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा लिया। उन्होंने खरीदारों और विक्रेताओं से बातचीत भी की।स्थानीय फूटकर विक्रेताओं से खरीदारी कर "वोकल फॉर लोकल" का संदेश दिया। डिजिटल माध्यम से भुगतान कर क्यूआर कोड लगाने वाले विक्रेताओं को प्रोत्साहित भी किया। कलेक्टर और एसपी ने देवास में बाजार का निरीक्षण किया और स्थानीय व्यक्तियों से निर्मित स्वदेशी वस्तुएं खरीदी। उन्होंने सभी से स्थानीय व्यक्तियों से निर्मित स्वदेशी वस्तुएं खरीदने की अपील भी की। कलेक्टर और एसपी मिट्टी के दीए सहित अन्य पूजन सामग्री खरीदी। उन्होंने स्थानीय दुकानदारों को चर्चा भी की। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकल फॉर वोकल का आव्हान किया गया है। लोकल फॉर वोकल अपनाकर हम एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि लोकल फॉर वोकल से स्थानीय उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा मिलता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। स्थानीय स्थानीय व्यक्तियों से खरीदारी करने से उत्पादक अपने उत्पादों को अच्छी तरह से बनाने के लिए प्रेरित होते हैं।

### हाट बाजार में लोटी रौनक

**भौरासा।** पांच दिवसीय दीपावली पर्व के दौरान बाजारों में खोई रौनक फिर से लौट आई है और बाजारों में ग्रामीणों की भीड़ देखने को मिली। दीपावली पर्व को लेकर लोगों ने जमकर की खरीदारी पुष्य नक्षत्र से लेकर दीपावली उत्सव की शुरुआत हो जाती है और बाजार में रौनक बनी रहती है जिसकी झलक नगर के बाजार में देखी गई। रविवार को लगे हॉट बाजार में भारी भीड़ देखी गई। दीप उत्सव को लेकर साप्ताहिक हाट बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की। बाजार में सुबह से ही दुकानदारों ने अपनी दुकानो में साज सजा की। हाट बाजार के दुकानदारों को भी नगरवासियों ने निराश नहीं किया। ग्रामीणों ने साज सजा से लेकर पशु श्रृंगार, कलर किराना आदि सामग्री की जमकर खरीदारी की। बाजार में पूरे दिन भीड लगी रही। शाम ढलते ढलते हजारों रुपए का कारोबार होना सामने आया। बर्तन बाजार, इलेक्ट्रॉनिक, मोबाइल शॉप, आभूषण, कपड़ा बाजार से लेकर दीपावली पर्व से जुड़ी हर सामग्री की जमकर खरीदारी हुई। वहीं मिट्टी के दीपक, कलश आदि सामग्री की लोगों ने खरीदारी की।

### 1101 दीयों से जगमगाएगा खाटू श्याम धाम

अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में 20 अक्टूबर को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बाबा श्याम के धाम पर 1101 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। ये दीपक भक्तों द्वारा अपने-अपने परिवार की ओर से प्रज्वलित किए जाएंगे। दीपावली के पावन पर्व पर बाबा खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा तथा 56 भोग का भव्य प्रसाद अर्पित किया जाएगा। मंदिर को विद्युत सज्जा एवं रंग-बिरंगे गुब्बारों से सुंदर रूप से सजाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत महा आरती शाम 6:45 बजे होगी, जबकि दीपोत्सव का आयोजन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। इस विशेष अवसर पर बाबा श्याम के मंदिर के द्वार भक्तों के लिए पूरे दिन खुले रहेंगे। भक्तों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दीपोत्सव में सहभागी बनने की अपील की है।







# संस्था श्री विश्व राजा की अनोखी पहल: दीपों की रोशनी में मुस्कुराए बच्चे, मिठाई और पटाखे दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संस्था श्री विश्व राजा द्वारा आओ खुशियाँ बाँटें हम अभियान के अंतर्गत इस वर्ष भी दीपावली का पर्व देवास की विभिन्न बस्तियों के बच्चों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। संस्था के सदस्यों और समाजसेवियों ने बच्चों के साथ दीप जलाए, मिठाइयाँ और पटाखे वितरित कर खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल तथा विशेष अतिथि पार्षद गणेश पटेल रहे। अतिथियों ने संस्था की इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में प्रेम, सहयोग और समरसता की भावना को बढ़ाते हैं। संस्था के अध्यक्ष हाईकोर्ट एडवोकेट एवं समाजसेवी मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक त्योहारों की खुशियाँ पहुँचाना है। हर वर्ष दीपावली सहित अन्य पर्वों पर संस्था गरीब बस्तियों, झुग्गी क्षेत्रों और आश्रमों में जाकर बच्चों के साथ त्योहार मनाती है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्वामी योगेन्द्र भारती, लाखन सिंह दरबार, राजेन्द्र सिंह पवार, जयप्रकाश भाटिया, पीलोक सरकार, मुकेश जोशी, चंद्रकांत सिंह परिहार, मोहित श्रीवास्तव, गोपाल पंडित, प्रवीण मंडलोई, आदित्य श्रीवास्तव, गोरीशंकर पटेल सहित संस्था के पदाधिकारीगण, समाजसेवी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित सभी अतिथियों और सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन कर समाज में प्रकाश और सद्भाव का संदेश दिया।कार्यकम का संचालन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कुणाल जोशी ने किया और आभार भाजपा नगर मंत्री लाखन सिंह दरबार ने माना।

# महिला को पीटने वाले बदमाश को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के पीपलरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत घर में घुसकर महिला से मारपीट करने और शराब के लिए पैसे मांगने वाले बदमाश को रिपोर्ट दर्ज होने के मात्र तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विजेंद्र मालवीय के खिलाफ पहले भी मारपीट समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। शनिवार को पीपलरावां थाना क्षेत्र की चौबाराधीरा चौकी पर एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम इक्लेरा निवासी विजेंद्र मालवीय (32) ने उसके घर का दरवाजा तोड़ अंदर घुसकर अश्लील गालियां दीं और मारपीट की और शराब पीने के लिए पैसों की मांग करते हुए अड़ीबाजी की, जिस कर पीपलरावां थाने में अपराध क्रमांक 358/2025 पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया और एसडीओपी सोनकच्छ दीपा मांडवे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पीपलरावां सुबोध गौतम और चौकी प्रभारी चौबाराधीरा राकेश चौहान ने एक टीम बनाई। इस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विजेंद्र मालवीय को महज तीन घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के रिकॉर्ड अनुसार, आरोपी विजेंद्र मालवीय आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पीपलरावां थाने में पहले भी मारपीट, धमकी देने, आर्म्स एक्ट और लापरवाही से वाहन चलाने सहित कई मामले दर्ज हैं। इस त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुबोध गौतम, चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश चौहान, आरक्षक विशाल हाड़ा, बलराम तथा सैनिक करण सिंह और राजेंद्र सिंह की भूमिका रही।

# श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में तीन दिवसीय अनुष्ठान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मोती बंगला शिवाजी नगर स्थित श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में दीपावली का विशेष अनुष्ठान शनिवार से शुरु हो गया है। इस वर्ष श्री योगमाया महालक्ष्मी पारमार्थिक न्यास समिति ने मंदिर को दीपावली के अवसर पर रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर की तर्ज पर नोटों से सजाने का निर्णय लिया था।

इसके लिए जन सहयोग से राशि एकत्रित की गई। समिति ने मंदिर को नोटों से सजाने के लिए पहले 50 लाख का लक्ष्य रखा था, किंतु भक्तों में इस विशेष अनुष्ठान के लिए खासा उत्साह देखा गया,जिसके चलते मंदिर समिति को धनतेरस की सुबह 1 करोड़ 3 लाख रुपये की राशि भक्तों द्वारा समर्पित की गई है। इस तरह अब महालक्ष्मी मंदिर में 1 करोड़ से अधिक की राशि से सजाया गया। श्री योगमाया महालक्ष्मी पारमार्थिक न्यास समिति के अध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि अनुष्ठान के अंतर्गत शनिवार को महालक्ष्मी का कुमकुम से अर्चन किया गया। वहीं 19 अक्टूबर को 21 हजार कमल पुष्प से अर्चन किया जाएगा। साथ ही नोटों से सजा मंदिर भक्तों के लिए खोला जाएगा। शर्मा ने बताया कि दीपावली के अवसर पर पूरी रात मंदिर में अनुष्ठान चलेगा। अनुष्ठान का समापन 22 अक्टूबर को होगा। जिसके बाद भक्तों को भाई दूज के अवसर पर उनके द्वारा अर्पित की गई राशि व कुबेर पोटली प्रसाद स्वरूप सौंपी जाएगी। मंदिर सजाने का कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है। आयोजन समिति ने भक्तों से धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# निर्वाचन आयोग प्रेक्षक ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय क्षेत्रों एवं पंचायतों के मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के लिए जिले में आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक शैलेन्द्र कियावत भा.प्रा. से (सेवानिवृत्त) द्वारा गतदिवस अनुभाग क्षेत्र बागली का भ्रमण किया तथा नगर परिषद हाटपिपल्या, जनपद पंचायत क्षेत्र बागली की ग्राम पंचायत मातमोर एवं अरलावदा ग्रामीण क्षेत्रों में प्राधिकृत केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने दावा आपत्ति प्राप्ति के संबंध में प्राधिकृत कर्मचारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली। प्रेक्षक शैलेन्द्र कियावत ने बागली मुख्यालय पर कार्य के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स एवं पर्यवेक्षकों तथा क्षेत्र के महाविद्यालयों के प्राचार्यो के साथ बैठक कर चर्चा की। पुनरीक्षण गतिविधि अंतर्गत पर्याप्त प्रचार प्रसार करने एवं अधिकाधिक मतदाताओं को प्रक्रिया के संबंध में अवगत कराने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय क्षेत्रों एवं पंचायतों में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया हैं जिसके तहत अब 24 अक्टूबर तक दावे आपत्ति निर्धारित प्राधिकृत केन्द्रों पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। निर्वाचन मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 नवम्बर को किया जाएगा।






## खबर संक्षेप



### आदित्य उईके का राष्ट्रीय मलखंभ प्रतियोगिता के लिए चयन

**हरदा।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय के छात्र आदित्य उईके का राष्ट्रीय मलखंभ प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 24 से 27 अक्टूबर तक चेन्नई में आयोजित की जाएगी। आदित्य का चयन शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित संभाग स्तरीय मलखंभ प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग आठ महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आदित्य उईके बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी शासकीय आदर्श महाविद्यालय हरदा की क्रीड़ा अधिकारी भारती चंदेल ने दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार अग्रवाल, समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों ने आदित्य को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नाबालिग का अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**हरदा।** छीपाबड़ थाना क्षेत्र से एक नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि करीब एक माह पहले थाना क्षेत्र से 16 से 17 साल की लड़की के अपहरण की शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने वार्ड 1 निवासी सुनील (29) पिता महेश को इंदौर से पकड़ा। आरोपी पर नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म करने का आरोप है। पुलिस ने सुनील के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज किया है। उसे शनिवार को स्थानीय कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### 1 से 6 नवंबर तक होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 1 से 6 नवम्बर 2025 के मध्य सीहोर के चर्च ग्राउंड पर किया जाएगा। इसके तहत आयोजित गतिविधियों में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा 7 विधाओं जैसे भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल हो सकते हैं। सभी प्रतिभागियों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन करना अनिवार्य है। पंजीयन उपरांत फार्म की प्रति खेल विभाग के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन पार्श्व परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि

**सीहोर।** जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए संचालित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन पार्श्व परीक्षा जो कि कक्षा 9 वी और कक्षा 11 वी की कक्षाओं में रिक्त सीटों के लिये आयोजित की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई थी। इस तिथि को अब बढ़ाकर 24 अक्टूबर 2025 कर दिया गया है। विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन कक्षा 11 वी के लिए पोर्टल https.//cbseitms.nic.in/2025/nvsxi 11/ तथा कक्षा 09 वीं के लिये पोर्टल पर करा सकते हैं। इसके साथ ही विद्यार्थी 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 तक अपने रजिस्ट्रेशन में वेबसाइट पर जाकर सुधार भी कर सकते हैं।

---

शहर के घंटाघर क्षेत्र में सड़कों पर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया

# दीपावली की पूर्व संध्या पर जबरदस्त ग्राहकी, बाजारों में उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

दीपावली से एक दिन पहले हरदा के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। सुबह से ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। कपड़े, मिठाइयाँ, बर्तन, सजावटी सामान और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर ग्राहकों की लम्बी कतारें लगी रहीं। शहर के घंटाघर क्षेत्र में सड़कों पर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया। सोने-चाँदी के आभूषणों की दुकानों पर भी विशेष भीड़ रही। वहीं मिठाई बाजार में विभिन्न मिठाइयों की मांग देखने को मिली। शहर के मुख्य बाजार, घंटाघर बाजार, सराफा ,फटाका बाजार एवं आसपास के व्यस्त क्षेत्रों में देर रात तक ग्राहकी जारी रही। व्यापारियों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा था। लंबे समय बाद दीपावली पर ऐसी खरीदारी देखने को मिली है। व्यापारी संघ के अनुसार इस बार पिछले साल की तुलना में बिक्री में 25 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बच्चे फुलझड़ियाँ और पटाखे खरीदते नजर आए, तो महिलाएँ घर की सजावट और उपहारों की खरीद में व्यस्त रहीं। दीपावली की तैयारियों के बीच हरदा जगमगा उठा है। हर गली-मोहल्ले में दीपों की रोशनी और उल्लास का माहौल है। फटाखा व्यापारी गोपी चौबे ने बताया कि एक दिन पहले बरसात के कारण व्यापार काफी प्रभावित हुआ था, लेकिन रविवार को ग्राहकी अच्छी रही।



### पूर्व मंत्री ने की खरीदी

दीपावली पर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए पूर्व मंत्री कमल पटेल ने शनिवार शाम को बाजार का दौरा किया। उन्होंने सड़क किनारे लगी दुकानों से खरीदारी की और शहरवासियों से स्थानीय व्यापारियों से सामान खरीदने की अपील की। पटेल ने नागरिकों से कहा कि वे अपने त्योहार को स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को खरीदकर मनाएं। इससे हर घर में दिवाली की खुशियां पहुंच सकेंगी और छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे उनके घरों में भी त्योहार की रौनक आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ' अभियान को गति देने के उद्देश्य से पूर्व मंत्री पटेल ने इस दिवाली पर स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने बाजार में स्थानीय हस्तशिल्प, मिट्टी के दीये, हस्तनिर्मित वस्त्र और स्वदेशी खाद्य पदार्थों की खरीदारी की। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वदेशी अपनाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि लाखों कारीगरों, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। यह कदम स्थानीय उत्पादकों और विक्रेताओं के लिए आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

---

क़ानून व्यवस्था का अवलोकन

## दीपावली पर एसपी ने किया बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

दीपावली पर्व पर क़ानून व्यवस्था देखने के लिए पुलिस अधीक्षक शशांक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा द्वारा शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों घंटाघर बाजार, सराफा , पटाखा बाजार एवं आसपास के व्यस्त क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बाजार में भीड़-भाड़ की स्थिति, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था तथा सुरक्षा का जायजा लिया।

उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान सतर्कता एवं चौकसी बरतें, बाजारों में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं पर सतर्क निगरानी रखें। फायरक्रैकर बाजार में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें, तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने हेतु निरंतर पेट्रोलिंग करें।

त्योहारों के दौरान किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना देने एवं नागरिकों को पुलिस की सहायता हेतु प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी हरदा शालिनी परस्ते, पुलिस उप अधीक्षक अरुणा सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी रोशनलाल भारती , सिविल लाइन थाना प्रभारी रामसुमेर तिवारी,थाना प्रभारी यातायात सूबेदार उमेश ठाकुर उपस्थित रहे।

---

शुभम सूरमा ने की सराहनीय पहल

## समाजसेवी युवक ने मिट्टी के दीपक निशुल्क बांटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा


दीपावली के पावन अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय शुभम सूरमा द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए निःशुल्क दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ों दीपक ज़रूरतमंद लोगों, श्रद्धालुओं एवं भक्तों को निःशुल्क वितरित किए गए। शुभम का कहना है की इससे सभी लोग दीपोत्सव के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मना सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक दीपावली की रोशनी पहुँचाना है। जो आर्थिक कारणों से पर्व को पूर्ण रूप से नहीं मना पाते। शुभम सूरमा ने बताया कि, "दीपावली सिर्फ रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि उम्मीद, समानता और सामाजिक एकता का प्रतीक है। हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति इस पर्व की रोशनी से वंचित न रहे।"

---

नन्हे बच्चों में दीपावली को लेकर उत्साह

## बच्चों ने सेव अर्थ के मैसेज के साथ बनाई सुंदर रंगोली

**सीहोर।** जिले के स्थानीय विद्यालयों में बच्चों ने दिवाली का पर्व बड़े उत्साह और आनंद के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूलों में दीपक सजाओ, रंगोली बनाओ और पटाखे जलाओ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लेकर स्कूल परिसर को रंग-बिरंगे दीपों और सुंदर सजावट से रोशन कर दिया। ब्लू बर्ड स्कूल में विशेष दिवाली महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगोली और मिट्टी के दीपों की सजावट प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे स्कूल को आकर्षक रंगीन झिलमिल लाइटों और फूलों से सजाया गया था। छात्राओं ने अपनी शिक्षिकाओं के साथ मिलकर एक बड़ी और मनमोहक रंगोली बनाई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों ने शिक्षकों की देखरेख में फुलझड़ी, अनार और चक्री जैसे पारंपरिक पटाखे जलाए। बच्चों की खुशी और उत्साह से पूरा माहौल रोशनी और आनंद से भर गया।




स्कूल प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा के सभी इंतजाम पहले से ही सुनिश्चित किए थे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के डायरेक्टर बसंत दसवानी ने बच्चों को दिवाली के महत्व और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दिवाली सिर्फ रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि एकता, प्रेम और हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अवसर है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे प्रदूषण रहित और सुरक्षित दिवाली मनाएँ।

---

दीपावली पर्व पर शहरवासियों को दी बड़ी राहत

## वीआईपी सड़क निर्माण रुकवाकर नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने खुद खड़े होकर सड़क धुलवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के नेतृत्व वाली 'नगर सरकार' ने दीपावली पर्व पर शहरवासियों को बड़ी राहत दी है। शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्ग कोतवाली चौराहा से भोपाल नाका तक निर्माणाधीन 'टू लेन वीआईपी सडक़' का काम नागरिकों की सुविधा के लिए फिलहाल रुकवा दिया गया है। इतना ही नहीं निर्माण कार्य के कारण फैली धूल से आमजनों को परेशानी न हो, इसके लिए स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने आगे आकर सडक़ की सफाई और धुलाई कराई। यह वीआईपी सडक़ शहर के एजुकेशन हब के रूप में पहचानी जाती है। यह मार्ग पीजी कॉलेज, कन्या कॉलेज, स्वामी विवेकानंद कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित कई प्रमुख शिक्षण संस्थानों को जोड़ता है। लंबे समय से नागरिकों की मांग थी कि इस व्यस्त मार्ग को टू लेन बनाया जाए, जिसे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने प्राथमिकता से पूरा करने का बीड़ा उठाया है। हालांकि निर्माण कार्य चलने के कारण पिछले कुछ दिनों से धूल की समस्या उत्पन्न हो रही थी। नागरिक अच्छी सुविधा के लिए इस असुविधा को खुशी-खुशी सह रहे थे।

### दीपावली पर खुद संभाला मोर्चा

आज धनतेरस के साथ दीपावली पर्व की शुरुआत हो चुकी है। नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, जिसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य को रुकवा दिया। इसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मौके पर खड़े होकर फायर ब्रिगेड और नगर पालिका के अमले की मदद से पूरी सडक़ को धुलवाया और निर्माण के कारण जमा हुई धूल को साफ करवाया। नगर पालिका अध्यक्ष की इस पहल से सडक़ के दोनों ओर निवासरत लोगों और राहगीरों को बड़ी राहत मिली है। नागरिकों ने इस पहल के लिए प्रिंस विकास राठौर को धन्यवाद भी दिया है।

---

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सीएम से नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना का कार्य पूर्ण करने की मांग की

**सीहोर।** नर्मदा का जल सीहोर आने की राह आसान करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शनिवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बिलकिसगंज में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नर्मदा जल को शहर के विभिन्न वार्डों में जल सप्लाई करने के विषय में चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहाकि हमारे विधायक सुदेश राय की पहल के बाद सीहोर नगर को भी इस योजना में जोड़ा जा चुका है। इस परियोजना में शासन 6493 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। परियोजना पूरी होने से सालों से जलसंकट का दंश झेल रहे शहरवासियों को काफी हद तक राहत मिलेगी।

इस मौके पर नगर पालिका के अमले का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा शनिवार को सीएम डॉ. यादव से नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना पर तेजी से कार्य करने पर चर्चा की गई। इस दौरान नपाध्यक्ष श्री राठौर ने सीएम को बताया कि हजारों करोड़ों की इस योजना से हर वार्ड के लोगों को नर्मदा का जल की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के द्वारा आधा दर्जन से अधिक पानी की टंकियां का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। नर्मदा का पानी भगवानपुरा डेम से इन पानी की टंकियों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को वितरण किया जाएगा। जिससे पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। नपाध्यक्ष श्री राठौर के नेतृत्व में करीब 32 करोड़ की अमृत योजना 2.0 से शहरवासियों को आगामी दिनों में नियमित रूप से पेयजल की सप्लाई हो सकेगी। अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा 16 लाख लीटर क्षमता वाली पेयजल टंकी के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है। इसके अलावा आधा दर्जन टंकियों का निर्माण के साथ जर्जर पाइप लाइन से भी मुक्ति का क्रम जारी है। शहर में पेयजल समस्या के निवारण को लेकर अमृत योजना मिशन 2.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नई पाइप लाइन बिछाने के बाद 25 साल तक शहर की पानी की जरूरत को आसानी से पूरा किया जा सकेगा और जर्जर पाइप लाइन से मुक्ति मिलेगी।



### शहर की पेयजल समस्या के समाधान अमृत 2.0

नपाध्यक्ष राठौर ने कहा कि शहर की पेयजल समस्या के समाधान अमृत 2.0 के आने से हो रहा। इसके अलावा क्षेत्रवासियों को प्रतिदिन पानी सप्लाई का इंतजाम किया जाएगा। सालों से शहर के वार्डों में डाली गई पाइप लाइनों से पानी की सप्लाई हो रही है, जिसमें कई पाइप जर्जर होने से गंदा पानी आने की भी समस्या बनी रहती है। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत करोड़ों की लागत से शहर में सैकड़ों किमी में पेयजल लाइनों का विस्तार किया जाएगा। सालों से शहर के वार्डों में डाली गई पाइप लाइनों से पानी की सप्लाई हो रही है, जिसमें कई पाइप जर्जर होने से गंदा पानी आने की भी समस्या बनी रहती है। इस समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए नगर पालिका आगामी दिनों में शहर में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत करोड़ों की लागत से शहर में सैकड़ों किमी में पेयजल लाइनों का विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा नई आधा दर्जन से अधिक पानी टंकियों का निर्माण के अलावा करीब 100 किलोमीटर से अधिक पाइप लाइन बिछाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है।